# यमुना किनारे मेरा गाँव

यमुना किनारे मेरा गाँव

यमुना, किनारे, मेरा गाँव, साँवरे, आ जईयो ॥
आ जईयो, साँवरे, आ जईयो ॥
यमुना, किनारे, मेरा गाँव, साँवरे आ...

मैं, महलों की, राज कुमारी ।
राज, कुमारी मैं, राज दुलारी ॥
पिता, मेरे बृष भान, कि दर्श, दिखा जईयो ॥
यमुना, किनारे, मेरा गाँव, साँवरे आ...

यमुना, किनारे मेरी, ऊँची हवेली ।
मै, ब्रिज की, गोपिका नवेली ॥
राधा, रंगीली, मेरा नाम,
कि बँसी, बजा जईयो ।
यमुना, किनारे, मेरा गाँव, साँवरे आ...

मल, मल के, तुझको नहलाऊँ ॥
माथे, पे चंदन का, तिलक लगाऊँ ॥
पूजा, करूँगी, सुबहो शाम,
कि माखन, खा जईयो ।
यमुना, किनारे, मेरा गाँव, साँवरे आ...

झूलन, को तेरे, पलना मँगवाऊँ ।
चुन, चुन के कलियाँ, सेज़ बिछाऊँ ॥
धीरे धीरे, दाबूँ, मैं पाँव,
साँवरे, आ जईयो ।
यमुना, किनारे, मेरा गाँव, साँवरे आ...

माखन, मिश्री का, भोग लगाऊँ ।
अपने, हाथों से, तुमको खिलाऊँ ॥
सेवा, करूँगी, सुबहो शाम,
श्याम मेरे, आ जईयो ।
यमुना, किनारे, मेरा गाँव, साँवरे आ...

देख, रही हूँ, बाट तुम्हारी ।
जल्दी, आ जईयो, कृष्ण मुरारी ॥
झांकी, करेंगे, बृज धाम,
कि हस, मुस्का जईयो ।
यमुना, किनारे, मेरा गाँव, साँवरे आ...

जो तुम, कान्हा मेरा, नाम न जानो ।
नाम, न जानो मेरा, गाँव न जानो ॥
जग में हैं, प्यार, मेरा नाम,
साँवरे, आ जईयो ॥
यमुना, किनारे, मेरा गाँव, साँवरे आ...
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/36773/title/yamuna-kinare-mera-ganv

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |